दिन– सोमवार दिनांक– 01 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज होगी अधिसूचना जारी। अठारह जून को होगा मतदान।

02. देशभर में उर्वरकों को संतुलित और उचित बढ़ावा देने के लिए एक महीने का खेत बचाओ अभियान आज से हो रहा है शुरू।

03. राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने तीस आवश्यक दवाओं का मूल्य निर्धारित किया। इनमें मधुमेह और हृदय रोग सहित कई दवाएं शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, सारण, सीवान, और पश्चिम चम्पारण सहित राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार आठ जून तक नामांकन दाखिल किये जा सकते हैं, जबकि ग्यारह जून नामांकन वापसी की अंतिम तारीख है। इन सीटों पर चुनाव अठारह जून को कराया जाएगा। इसी दिन शाम को मतगणना की जाएगी। गौरतलब है कि डॉक्टर कुमुद वर्मा, प्रोफेसर गुलाम गौस, सुनील कुमार सिंह समेत नौ पार्षदों का कार्यकाल अट्ठाईस जून को पूरा हो रहा है। इधर, आयोग ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे से रिक्त हुई विधान परिषद की एक सीट के लिए उपचुनाव भी अठारह जून को कराये जाने की घोषणा की है।

———————————————————

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अगामी विधान परिषद चुनावों में एनडीए सभी दस सीटों पर विजय हासिल करेगा।

———बाइट———

———————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से कृषि बचाओ अभियान आरंभ करेंगे। उर्वरकों को संतुलित और उचित बढ़ावा देने के लिए एक महीने का यह अभियान तीस जून तक चलेगा। एक रिपोर्ट–

————रिपोर्ट———

इधर, पूरे प्रदेश में भी आज से खेत बचाओ अभियान की शुरूआत हो रही है। इस दौरान किसानों को कम खाद और हरित खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। वंचित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ दिलाया जायेगा। अभियान की शुरूआत पटना स्थित कृषि भवन से कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रावणी मेला के दौरान कांवरिया पथ पर सुरक्षा और सुविधा का व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री भागलपुर समाहरणालय के सभागार में श्रावणी मेला की तैयारी और अन्य योजना की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में दो सौ तीन करोड़ रूपये की लागत वाली चौरासी विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने विक्रमशिला पुल और गंगा पथ परियोजना का निरीक्षण कर विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही विक्रमशिला सेतु पर आवागमन शुरू कर दिया जायेगा।

———बाइट———

————————————————————————

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण, एनपीपीए ने आम लोगों को राहत देते हुए तीस आवश्यक दवाओं की खुदरा कीमतें निर्धारित कर दी हैं। इन दवाओं में विटामिन–डी3, कैल्शियम, मधुमेह और हृदय रोग के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाओं के साथ–साथ अंग प्रत्यारोपण के बाद दी जाने वाली महत्वपूर्ण दवाएं भी शामिल हैं। प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निर्धारित कीमतों में वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी शामिल नहीं है। एनपीपीए ने स्पष्ट किया है कि दवाओं की कीमत में जीएसटी तभी जोड़ा जा सकता है, जब संबंधित कर का भुगतान सरकार को किया जा चुका हो या उसका भुगतान देय हो। सरकार का कहना है कि आवश्यक दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने का उद्देश्य मरीजों को उचित दर पर दवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती बनाना है।

————————————————————————

बिहार पुलिस मुख्यालय ने सेवानिवृत्ति की निकटता वाले दो सौ पचहत्तर पुलिस कर्मियों का ऐच्छिक तबादला किया है। इन पुलिस कर्मियों में पांच इंस्पेक्टर, एक सौ छिहत्तर एसआई, बयालीस एएसआई, चौवन हवलदार और छह सिपाही शामिल है।

पुलिस उप महानिरीक्षक कार्मिक के अनुसार सेवानिवृत्ति में दो साल से कम अवधि वाले कर्मियों को गृह जिला और ऐच्छिक स्थानांतरण संबंधी आवेदनों पर विचार किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————————

विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बक्सर में महाराणा प्रताप जयंती पर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये श्री सिंह ने युवाओं से महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेने की अपील की। इस अवसर विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, विधायक आनंद मिश्रा, संतोष निराला और राहुल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, सारण, सीवान, पूर्वी और पश्चिम चम्पारण जिले सहित उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभूआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनमार्क पोर्टल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की एक टीम तैनात की है। बोर्ड ने कहा है कि वह अपने सेवा प्रदाता के ऑनमार्क पोर्टल में पाई गई खामियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जिन्हें हाल ही में सार्वजनिक रूप से उजागर किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में बोर्ड ने बताया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का एक दल पिछले कुछ दिनों से इन प्रणालियों को मजबूत करने और पोर्टल को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहा है। बोर्ड ने बताया कि पहचानी गई खामियों को दूर कर लिया गया है।

———————————————————————

आईआईटी रूड़की ने जेईई एडवांस्ड दो हजार छब्बीस का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में गयाजी के शुभम कुमार ने तीन सौ साठ में से तीन सौ तीस अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट में पहला स्थान प्राप्त किया है। शुभम गयाजी के नादरगंज ब्रहम्नी घाट के निवासी हैं। उन्होंने जेईई मेंस के दोनों सत्रों में सौ परसेंटाईल

प्राप्त किये थे। इस परीक्षा में छप्पन हजार आठ सौ अस्सी अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। दूसरे स्थान पर आईआईटी दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर हैं। वहीं, जतीन चाहर तीन सौ उन्नीस अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

———————————————————————

औरंगाबाद जिला परिषद की सदस्य नीतू सिंह को तीन जून को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें अपने क्षेत्र में किए गए प्रभावी कार्यों और ग्रामीण विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

———————————————————————

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आगामी पांच जून को पटना चिड़ियाघर द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार, बच्चे अपने घर से ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को पर्यावरण विषय पर चित्र या पोस्टर बनाकर ऑनलाइन पोर्टल patnazoodigital@gmail.com पर अपलोड करना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र निर्धारित तिथि तक अपने चित्र और पोस्टर ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं। पटना चिड़ियाघर ने अधिक से अधिक बच्चों से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक स्तर तक पहुंच सके।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा पुलिस ने रामनगर थाना क्षेत्र के तीन दुकानों से भारी मात्रा में लॉटरी और कैश के साथ तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र में सोन नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि नदी में अवैध बालू उठाव के कारण बने गहरे गड्ढे में डूबने से यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत पूर्वी दीदारगंज घाट पर गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी।

———————————————————————

दिल्ली के साकेत के सेदुलाजाब इलाके में पांच मंजिला इमारत गिरने से बिहार के दो अभियंताओं की मौत हो गयी है। इनमें एक अभियंता नवादा के और दूसरा मुजफ्फरपुर के रहने वाले थे।

---

हांगकांग में आयोजित बाईसवीं एशियाई अन्डर ट्वेंटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रोहतास के पीयूष राज ने रिले रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले बिहार के पहले एथेलीट बने हैं। भारतीय पुरूष टीम में पीयूष राज के साथ सैयद सबीर, रंजीत कुमार एस, मोहम्मद अशफाक मौजूद थे। इन सभी ने चार गुना चार सौ मीटर रिले टीम में शानदार प्रदर्शन करते हुये यह उपलब्धि हासिल की।

कटिहार में आयोजित बिहार राज्य अन्डर थर्टिंन शतरंज प्रतियोगिता में सारण की मोहिनी पंडित और पटना के देवांश केसरी चैंपियन हुये।

---

आईपीएल क्रिकेट के फाईनल में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बना है। गुजरात टाइटन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर एक सौ पचपन रन बनाए। जवाब में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने अठारह आवेर में लक्ष्य को प्राप्त किया। इधर, राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चयन किया गया। उन्होंने सबसे अधिक सात सौ छिहत्तर रन बनाकर ऑरेंज कैप जीता है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान का शीर्षक है– मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जर्दालु आम और सत्तू की प्रशंसा की। अखबार लिखता है– प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को आज भेजा जायेगा जर्दालु आम।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– सीबीएसई ने स्वीकारी ऑनलाईन मूल्यांकन पोर्टल में सुरक्षा खामी।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है–बिहार की पहली एरोसिटी होगा हरिहरनाथपुर। ग्यारह टाउनशिप में पांच लाख को रोजगार।

प्रभात खबर ने टेंडर घोटाले और मनीलॉड्रिंग में गिरफ्तार ठेकेदार रिशु श्री से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बढ़े बिलों से फिक्स होता था दस प्रतिशत कमीशन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज होगी अधिसूचना जारी। अठारह जून को होगा मतदान।

02. देशभर में उर्वरकों को संतुलित और उचित बढ़ावा देने के लिए एक महीने का खेत बचाओ अभियान आज से हो रहा है शुरू।

03. राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने तीस आवश्यक दवाओं का मूल्य निर्धारित किया। इनमें मधुमेह और हृदय रोग सहित कई दवाएं शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, सारण, सीवान, और पश्चिम चम्पारण सहित राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।